# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जिला एवं सत्र न्यायालय, कानपुर नगर

## निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा समस्त स्तरीय व प्रतिष्ठित लिफ्ट मरम्मतकर्ताओं व संस्थापक संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि इस जनपद न्यायालय के बहुखण्डीय भवन में आवागमन हेतु स्थापित लिफ्टों में से 04 नई लिफ्टों जिनके नम्बर क्रमशः **R 006463, R 006464, R 006465, R 006466** हैं तथा 05 पुरानी लिफ्टों जिनके नम्बर क्रमशः **G000025, G000026, G004813, H006985** व **H006986** हैं। के वार्षिक अनुरक्षण वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु अनुबन्ध स्थापित किया जाना है जो मरम्मतकर्ता व संस्थापक संस्था इस कार्य हेतु पंजीकृत हों और कार्य के करने के इच्छुक हों वे किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, केन्द्रीय नजारत, जिला एवं सत्र न्यायालय, कानपुर नगर में सम्पर्क कर सन्दर्भित कार्य के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर अपनी सीलबन्द निविदाएं दिनांक 16.03.2016, सायंकाल 3:00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि व समय पर प्राप्त सभी निविदाओं को उसी दिन सायंकाल 4:00 बजे खोला जाएगा। तत्पश्चात् उन्हें माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के समक्ष स्वीकृत/अस्वीकृत हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

किसी भी प्राप्त निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के पास सुरक्षित है।

9.3.16

दिनांकः 09.03.2016

प्रभारी अधिकारी नजारत/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष संख्या–6, कानपुर नगर।

प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर

इस नोटिस की एक एक प्रति नोटिस बोर्ड, जिला एवं सत्र न्यायालय, बार एसोसिएशन, लायर्स एसोशिएशन, कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर, कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, कानपुर नगर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाये तथा नोटिस का प्रकाशन किसी दैनिक समाचार पत्र में भी कराया जाये। व मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा जनपद न्यायालय की वेबसाईट पर सिस्टम आफीसर से अपलोड कराये।

9.3.16

दिनांकः 09.03.2016

प्रभारी अधिकारी नजारत/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष संख्या–6, कानपुर नगर।

प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर

अनुमोदित
10.3.2016
जनपद न्यायाधीश
कानपुर नगर।

DISTRICT JUDGE
KANPUR NAGAR

# कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय कानपुर नगर।
## ठेको की नीलामी की सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस जनपद न्यायालय के परिसर, बहुखण्डीय भवन तथा नगर निगम पार्क में स्थित विभिन्न ठेकों की नीलामी की कार्यवाही वित्तीय वर्ष 2016–2017 हेतु (दिनांक 01.04.2016 से 31.03.2017)तक की अवधि के लिये दिनांक 17.03.2016, को सायंकाल 4:00 बजे कार्यालय केन्द्रीय नजारत के निकट बरामदे मे सम्पादित की जायेगी जो व्यक्ति/संस्था ठेका नं0 1,2,3, व नगर निगम परिसर स्थित ठेका नं0–5 की ठेको की नीलामी मे भाग लेना चाहते हो वे एक प्रार्थना पत्र के साथ अपना हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई.डी व पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करते हुए केन्द्रीय नजारत में जमानत की धनराशि रूपया 50,000/–तथा शेष ठेकों के लिये रूपया 20,000/–कैशियर के पास नियत तिथि तक जमा करेंगे उक्त धनराशि नीलामी समाप्त होने के बाद उन्हें वापस की जायेगी।

सन्दर्भित नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को बोली की समस्त धनराशि तत्काल केन्द्रीय नजारत में जमा करनी होगी। अन्यथा उक्त बोली को निरस्त कर दिया जायेगा। सन्दर्भित बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को ठेका प्राप्त करने के लिये निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दो दिन के अन्दर निष्पादित करना होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि–

1–बोली बोलने वाला व्यक्ति बकायेदार व काली सूची के अर्न्तगत न आता हो।

2–बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही विचाराधीन हो। इस आशय का शपथपत्र बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली में भाग लेने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3–बोली स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के पास सुरक्षित रहेगा।

**जनपद न्यायालय, कानपुर नगर परिसर व बहुखण्डीय भवन में स्थापित ठेकों का विवरण–**

1– ठेका सायकिल स्टैण्ड (गवाह घर के पास)
2– ठेका बहुखण्डीय भवन के भूतल पर स्थित चाय नमकीन का स्टाल
3– ठेका बहुखण्डीय भवन के द्वितीय तल पर स्थित चाय नमकीन का स्टाल
4– ठेका बहुखण्डीय भवन के तृतीय तल पर स्थित चाय नमकीन का स्टाल
5– ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग
6– ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग (मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के पास)
7– ठेका चाय नमकीन न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग (मुस्लिम होटल के सामने)
8– ठेका मुस्लिम होटल न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग
9– ठेका चाट का ठेला न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग
10– ठेका लाई चना का ठेला न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग
11– ठेका अंकुरित चना बहुखण्डीय भवन के द्वितीय तल पर
12– ठेका फोटो कैमरा बहुखण्डीय भवन के भूतल पर

**जनपद न्यायालय, कानपुर नगर के नगर निगम पार्क में स्थित ठेकों का विवरणः–**

1– ठेका शॉप नं0–1 फोटोकापी मशीन
2– ठेका शॉप नं0–2 स्टेशनरी
3– ठेका शॉप नं0–3 स्टेशनरी
4– ठेका शॉप नं0–4 फोटोकापी मशीन
5– ठेका शॉप नं0–5 जलपान (न्यायालय परिसर के बाहर की ओर)
6– ठेका शॉप नं0–6 जलपान कैन्टीन (न्यायालय परिसर के अन्दर की ओर)

11-3-16

प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

इस नीलामी की सार्वजनिक सूचना की एक–एक प्रति समस्त सार्वजनिक स्थानों के अतिरिक्त जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, बार एसो0, लायर्स एसो0, कार्या0 जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये व एक–एक प्रति कार्या0 जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रसार प्रचार कराने हेतु प्रेषित की जाये। तथा इस सूचना के प्रकाशन हेतु किसी दैनिक समाचार पत्र को प्रेषित किया जाये।

इस सूचना को जनपद न्यायालय, कानपुर नगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सिस्टम आफीसर, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को अवगत कराया जाये।

अनुमोदित
11-3-2016
जनपद न्यायाधीश,
कानपुर नगर।

11-3-16
प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।